तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 दिसंबर 2024

12 शिक्षा स्थाई समिति की बैठक में मिले 133 आवेदन, समीक्षा में ...

11 निपानी पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल, स्वामी आत्मानंद ...




**खबर संक्षेप**

### कोतवाली क्षेत्र में फिर चाकूबाजी



**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना हुई है। जहां मामूली सी बात पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किया गया। आपको बता दें मामला बालोद शहर का है, जहां बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद चाकूबाजी हो गई। घटना शाम 8.30 बजे की बताई जा रही है। घटना में संतोष नाथ योगी नामक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हुआ है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है। युवक के पेट, हाथ, सिर में चोटें आई हैं। मामले को लेकर कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई है।

### बाइक की ठोकर से सायकिल सवार घायल

**बालोद।** टिकरी मोड़ तालाब के पास मोटर सायकल चालक ने सायकल सवार फेरूराम बघेल को टक्कर मार दी। इस मामले में अर्जुन्दा थाने में बाइक चालक के खिलाफ धारा 125 ए बीएनएस, 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम अर्जुन्दा निवासी फेरू राम बघेल के बेटे शिव ने पुलिस को बताया कि 31 अक्टूबर को सुबह करीबन 09 से 10 बजे के आस पास पिता फेरूराम बघेल 77 वर्ष सायकल से अर्जुन्दा से टिकरी जा रहे थे। इस बीच टिकरी मोड़ तालाब के पास मोटर सायकल चालक अर्जुन्दा निवासी गुमान यादव ने मोटर सायकल को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर पिताजी को सायकल सहित ठोकर मार दी। इससे उनके पिताजी फेरूराम बघेल को गंभीर चोट आई है। उन्हें उपचार के लिए अर्जुन्दा अस्पताल लाया, जहां से रिफर करने पर भिलाई के एक अस्पताल ले गए।

### मारपीट के आरोप खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** शहर के रेस्ट हाऊस के पास बैठे मुस्कान बंदेवार ने सन्नी खान पर पत्थर के टुकड़े से मारने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शहर के वार्ड क्रमांक 11 जवाहरपारा निवासी मुस्कान बंदेवार ने पुलिस में रिपोर्ट करते हुए बताया कि वह मंगलवार रात करीबन 8 बजे रेस्ट हाऊस बालोद के पास बैठा था। उसी समय सन्नी खान आया और गाली गलौज करने लगा। मना करने पर धमकी देते हुए मारपीट करने लगा एवं पास में पड़े पत्थर के टुकड़े से मेरे सिर में मार दिया। मुस्कान बंदेवार की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने सन्नी खान के खिलाफ 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

## समस्या : बेमौसम बारिश से तैयार फसल की सुरक्षा को लेकर किसानों की चिंता बढ़ी

# कुछ क्षेत्रों में बारिश से खेतों में भरा पानी डूबे करपे को बचाना किसानों के लिए चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में फेंगल तूफान का असर देखने को मिल रहा है। इसके कारण वर्तमान में धान कटाई कार्य में लगे किसानों के साथ ही समितियों के प्रबंधकों की चिंता भी बढ़ गई है, क्योंकि बीते तीन दिनों में जिले के कई जगहों पर हल्की बूंदा-बांदी की खबरें सामने आ रही हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को अचानक मौसम खराब होने के बाद बालोद ब्लाक के ग्राम तालगांव व अधियाटोला जैसे वनांचल क्षेत्र के कई ग्रामों में बारिश हुई, जिससे किसानों की समस्या बढ़ गई। बता दें कि अभी भी कई किसान मशीन के इंतजार में धान नहीं काट पाए हैं, वहीं अब वर्षा होने के कारण तैयार फसल को बचाने की व्यवस्था में लगे हैं। कई किसानों ने मिंजाई के लिए मशीन नहीं मिलने के कारण धान की फसल काटकर खलिहान में रखा है। वहीं, कुछ के खेत में ही करपा रखा है। कुछ किसान कटाई नहीं कर पाए हैं। बारिश से इन सभी फसलों को नुकसान होगा, बारिश का पानी जमा होने से धान सड़ने की भी आशंका किसानों को सताने लगी है। किसान खलिहानों में कटाई कर रखी फसल को प्लास्टिक की शीट, तिरपाल आदि से ढककर बचाने का प्रयास कर रहे हैं।



**कटाई के बाद भी भीगने से बचाना चुनौती :** कई किसानों ने धान काट तो लिया, लेकिन उनकी प्रमुख समस्या धान को बारिश से बचाना है। किसानों ने बताया कि मौसम खराब होता देख उन्होंने कटाई तो कर ली, लेकिन धान को रखने के लिए उनके पास जगह नहीं होने के कारण घर के सामने गलियों, सड़कों व मंचों पर रखना पड़ रहा है। ऐसे में वहां रखे धान को बारिश से बचाना किसी चुनौती से कम नहीं है। इसके लिए धान को तिरपाल व झिल्ली से ढककर रख रहे हैं, ताकि खराब न हो।

### टोकन के बाद बिक्री तिथि का इंतजार



किसानों को धान कटाई के बाद धान बेचने के लिए समितियों के माध्यम से प्राप्त टोकन दिनांक का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में मौसम खराब होता देख अगर किसान धान कटाई कर भी ले तो उसे बेचने तक किसानों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब तक धान समितियों में नहीं बिक जाता तब तक किसानों को फसल की चिंता बनी ही रहती है।

### मशीन पर बढ़ी निर्भरता

बता दें कि पहले पारंपरिक रूप से मजदूरों द्वारा हंसिए के माध्यम से धान की कटाई की जाती थी। किसान धान पकने और खेत के थोड़ा सूखने के बाद मजदूरों के माध्यम से धान की कटाई करवा लेते थे, इससे उन्हें खेत के बहुत ज्यादा सूखने का इंतजार नहीं करना पड़ता था। लेकिन, वर्तमान में बड़े मशीन जैसे हार्वेस्टर के आ जाने से किसानों को खेत के पूरी तरीके से अच्छी तरह सूखने का इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि खेत थोड़ा भी गिला होने पर भारी भरकम मशीन खेत में धंस जाती है और धान की कटाई आधी अधूरी ही रह जाती है। इस कारण किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में वर्तमान में किसानों द्वारा खेत के पूरे सूखने तक के इंतजार और मशीन नहीं मिलने के कारण कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**शीघ्र परिवहन नहीं होने पर स्थान के अभाव में खरीदी बंद होने का खतरा**

## धान खरीदी सुचारु रूप से जारी, पर परिवहन नहीं होने से जाम की स्थिति



**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत सतमरा, बरबसपुर, हल्दी, बेलोदी, पिनकापार, माहुद सोसाइटी में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से हो रहा है। शासन के निर्देशानुसार सभी सुविधा किसानों को दी जा रही है लेकिन धान का परिवहन नहीं होने से जाम की स्थिति निर्मित होने लगी है। वहीं, समिति प्रबंधकों को बदलते मौसम के कारण धान के रखरखाव की चिंता सताने लगी है।

बरबसपुर समिति प्रबंधक ने बताया कि अब तक 14,555 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, किन्तु अब तक परिवहन प्रारंभ नहीं हुआ है। इसके कारण उठाव नहीं होने से धान जाम होने लगा है। उन्होंने मौसम की लुका छिपी के कारण चिंता व्यक्त करते हुए शासन से शीघ्र परिवहन कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह की स्थिति रहा, तो कुछ दिनों में खरीदी बंद करनी पड़ेगी। वहीं अधिकतर खरीदी केंद्रों से पता चला है कि कहीं-कहीं डीओ काटने के बाद भी परिवहन शुरू नहीं हुआ है। जहाँ परिवहन हो रहा है, उसमें मात्र मोटा धान का ही हो रहा है, पतला धान का परिवहन नहीं होने की जानकारी मिली है। प्रबंधकों की चिंता है कि परिवहन नहीं होने से पतला धान जल्दी सूख जाएगा, जिससे शॉर्टेज की समस्या आएगी, इससे समिति को नुकसान का सामना करना पड़ेगा। ऋण वसूली के बारे में पूछने पर प्रबंधक ने बताया कि सभी ऋणी कृषक अपने खाते से ऋण जमा करा रहे हैं। अब तक सभी कृषक केसीसी से लिए रकम पटा कर शासन को सहयोग कर रहे हैं।



### धान के सुरक्षित रखरखाव की व्यवस्था का लिया जायजा

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के गुरूर विकासखण्ड के धान संग्रहण केन्द्र धोबनपुरी में पहुँचकर धान के सुरक्षित रखरखाव के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को संग्रहण केन्द्र में धान के समुचित रखरखाव के बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से संग्रहण केन्द्र में धान के उचित रखरखाव के लिए की जा रही व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के माध्यम से धान की तौल कराकर एवं नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान की नमी जाँच कराकर धान की मात्रा एवं गुणवत्ता को भी परखा। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को बारिश आदि के दौरान संग्रहण केन्द्र में धान के समुचित रखरखाव के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कचरा उठाने बिहान की महिलाओं को प्रदान किया गया गार्बेज कंटेनर



**डौंडीलोहारा।** ग्राम पंचायत सहगांव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत गीला कचरा और सूखा कचरा उठाने के लिए बिहान समूह की महिलाओं को गार्बेज कंटेनर सौंपा गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच सुंदर सिंह यामले और उपसरपंच भूषण लाल देवांगन, पंच मोहन सहारा, पंच गुमान पिस्दा, पंच चंद्रिका पिस्दा, प्रेम पिस्दा, पंच सोमीन बाई यामले, पंच बेदें बाई गावरे, पंच सुनीता शांडिल्य, पंच संगनी बाई निषाद तथा बिहान समूह की महिलाएं बीरम बाई चिराम, सुमन बाई माहला, केसर बाई माहला, हेमिन बाई निषाद उपस्थित थे।

## 13 साल बाद भी...




**गुण्डरदेही।** बालोद को जिला बने 13 साल हो गए हैं, लेकिन गुण्डरदेही नगर के हृदय स्थल धमतरी चौक से जनपद पंचायत रोड पर पीडब्लूडी द्वारा लगाए गए प्रवेश द्वार पर आज भी जिला दुर्ग लिखा हुआ है। इस पर संबंधित अधिकारियों का ध्यान नहीं है। बता दें कि इसी मार्ग से कई विभागों के अधिकारी रोज आना–जाना करते हैं।

# रायगढ़ में अग्निवीर भर्ती रैली 12 तक, जिले के युवा 6 व 11 को होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- विभिन्न स्थानों पर की गई है भर्ती रैली में शामिल होने वाले युवाओं के ठहरने की व्यवस्था

भारतीय थलसेना भर्ती अंतर्गत 4 से 12 दिसंबर तक रायगढ़ नगर में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 6 एवं 11 दिसंबर को आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हो रहे युवाओं के लिए नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में ठहरने की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि बालोद जिले के युवाओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 06 दिसंबर एवं 11 दिसंबर 2024 की तिथि निर्धारित है। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। जिसमें शारीरिक परीक्षा की तिथि व समय का उल्लेख किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के युवा इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों से संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अंतर्गत केवड़ाबाड़ी मंगल भवन में ठहरने के लिए प्रभारी अधिकारी कविता बेहरा जिनका मोबाईल नंबर 9131114182 तथा सहायक प्रभारी अधिकारी केशव सारथी, जिनका मोबाईल नंबर 7999314154 है। इसी तरह रैन बसेरा नया बस स्टैण्ड के लिए प्रभारी अधिकारी धर्मेन्द्र पांडेय, जिनका मोबाईल नंबर 7999621447 तथा सहायक अधिकारी अधिकारी रोशन यादव, जिनका मोबाईल नंबर 9340954036 है। चंदमारी सामुदायिक भवन के प्रभारी रामरतन पटेल जिनका मोबाइल नंबर ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाने प्राचार्य ने जारी किया आदेश

# घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज में आईकार्ड दिखाकर ही भीतर जा पाएंगे विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिले के लीड कॉलेज में सुरक्षा को लेकर विद्यार्थियों ने उठाए सवाल

जिले के लीड कॉलेज में पढ़ाई नहीं करने वाले बाहरी व्यक्तियों के पहुंचने का विरोध करते हुए कॉलेज के विद्यार्थियों ने कॉलेज के मेन गेट पर अपनी बाईक व स्कूटी खड़ी कर प्रदर्शन किया। इस पर प्राचार्य ने मामले के निराकरण की बात कही।

शहर स्थित घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय में बाहरी तत्वों द्वारा पहुंचकर कॉलेज में घूमने तथा कॉलेज के मैदान में पहुंचकर नशीली पदार्थों के सेवन करने का मामला लगातार विद्यार्थियों के बीच सामने आ रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में कई बार इन असामाजिक तत्वों को मना कर विरोध जताया गया था, लेकिन यह मामला इन दोनों पक्षों तक ही सीमित रह गया था। लेकिन वर्तमान में कुछ दिन पहले बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा मैदान में पहुंचकर नशीले पदार्थों के सेवन के साथ कॉलेज का



माहौल खराब करने की बात कॉलेज के विद्यार्थियों को नागवार गुजरी। इसलिए विद्यार्थी इसका विरोध करते हुए आगे अब कॉलेज में असामाजिक तत्वों के आने पर प्रतिबंध लगाने के लिए एकजुट हो गए। बुधवार को विद्यार्थियों ने असामाजिक तत्वों के कॉलेज में आने का विरोध करते हुए अपनी अपनी बाईक व स्कूटी को कॉलेज के मुख्य गेट के सामने लगाकर पूरा रास्ता जाम कर दिया। हालांकि ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कॉलेज में काम के लिए आने वाले लोगों का क्या होगा

इसके साथ यह प्रश्न भी खड़ा हो गया है कि प्राईवेट पढ़ाई करने वाले व अन्य कामों के लिए कॉलेज जाने वाले लोगों का क्या होगा, क्योंकि आईडी कार्ड मात्र नियमित विद्यार्थियों के पास रहता है। अब यह देखना होगा कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा ऐसे लोगों के लिए क्या व्यवस्था की जाएगी। ऐसे लोगों का नाम, पता, मोबाइल नंबर, किस काम से आए हैं और किससे मिलना है तथा आने-जाने का समय नोट कर प्रवेश दिया जा सकता है।

### कॉलेज मैदान में कुछ लड़कियों के बीच हुई थी मारपीट

बता दें कि कुछ दिन पहले कॉलेज मैदान में कुछ लड़कियों के बीच मारपीट का मामला वायरल हुआ था। उसके बाद कॉलेज प्रबंधन पर कई सवाल उठे थे, लेकिन इससे सबक न लेते हुए कोई कठोर कदम नहीं उठाया गया, जिसके कारण लगातार ऐसे मामले कॉलेज में होते रहे। कॉलेज के अन्य नियमित विद्यार्थियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके बाद अब कॉलेज के अन्य नियमित विद्यार्थियों द्वारा ऐसे ही मामले और ज्यादा बढ़ता देख विरोध जताने पर इसके संबंध में नियम बनाने की बात कही गई है।

**पाठक सूचना**
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने दी भारतीय नौसेना दिवस की बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस पर जल सीमाओं के प्रहरी भारतीय नौसैनिकों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने नौसेना के उन शूरवीरों को अपनी श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने देश सेवा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। श्री साय ने कहा कि भारतीय नौसेना के जवान साहस, शौर्य और निष्ठा के प्रतीक हैं। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और आपदा राहत के दौरान सराहनीय भूमिका निभाई है। उनकी सेवा और बलिदान का देश सदा ऋणी रहेगा।

### जिले में 13 हजार 408 टन धान खरीदी

**रायपुर।** जिले के उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदी जारी है। जिले में मंगलवार को 3 हजार 25 किसानों से 13 हजार 408 टन धान की खरीदी की गई। इस तरह इन किसानों से 30 करोड़ 85 लाख रुपए धान की खरीदी हुई। इस खरीदी के बाद जिले में अब तक 139 उपार्जन केंद्रों में 36 हजार 112 किसानों से 1 लाख 52 हजार 403 टन धान की खरीदी हुई है। इन किसानों से अब तक 350 करोड़ 75 लाख रुपए की धान की खरीदी की गई है।

### शासकीय हाईस्कूल उरला में किया पौधारोपण

**रायपुर।** एसकेए स्टील एंड पॉवर प्रायवेट लिमिटेड उद्योग द्वारा सीईआर के तहत एक पेड़ मां के नाम थीम पर द्वितीय चरण के तहत वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शासकीय हाईस्कूल उरला में पौधारोपण किया गया। साथ ही विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 2 वाटर कूलर भी स्थापित किए गए। इस मौके पर पॉवर लिमिटेड के महाप्रबंधक अखिल अग्रवाल ने कहा कि उनके उद्योग की इस पहल से अब गर्मी के दिनों में पाठशालाओं के छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं शीतल जल उपलब्ध होगा।

### धान खरीदी केंद्र बिलाड़ी प्रभारी हटाए गए

**रायपुर।** जिले के धान खरीदी केंद्र बिलाड़ी में निरीक्षण के दौरान सहकारिता विभाग के जिला अधिकारी एनआरके चंद्रवंशी द्वारा पाया गया कि उपार्जन केंद्र के प्रभारी मुकेश बैष्णव द्वारा बिना ड्रेनेज के धान की स्टेकिंग की गई है, जबकि शासन की उपार्जन नीति में प्रावधान है कि धान का स्टेकिंग ड्रेनेज के ऊपर की जाए। इस प्रकार मुकेश वैष्णव द्वारा धान उपार्जन के नियमों का उल्लंघन किया गया, जिसके कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई की गई।

### निजी स्कूल के अकाउंटेंट ने की छह लाख की धोखाधड़ी



**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना में एक निजी स्कूल के प्राचार्य ने अपने यहां काम करने वाले एक अकाउंटेट के खिलाफ छह लाख 17 हजार रुपए गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गबन की जानकारी पालकों को फीस के बदले कच्ची रसीद देने तथा ऑडिट रिपोर्ट से स्कूल प्रबंधन को मिली। पुलिस के मुताबिक महावीर इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य बिरेंद्र माहेश्वरी ने सविता साहू के खिलाफ गबन की शिकायत दर्ज कराई है। स्कूल प्राचार्य ने पुलिस को बताया है कि सविता उनके स्कूल में सितंबर 2022 से जुलाई 2024 तक अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थी। स्कूल प्राचार्य के अनुसार सविता ने इस साल मार्च से जुलाई के बीच फीस की राशि गबन की है। स्कूल प्राचार्य ने पुलिस को बताया है कि अकाउंटेंट ने छात्रों की फीस की जमा रकम को बैंक में जमा करने के बजाय अपने पास रख ली। अकाउंटेंट ने जुलाई में अपनी शादी के समय पालकों को जमा शुल्क की पक्की रसीद देने के बजाय कच्ची रसीद दी थी। आय-व्यय में भिन्नता पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन ने इसकी जांच कराई, तो अकाउंटेंट द्वारा फीस की राशि में गड़बड़ी करने की जानकारी मिली।

# 20 हजार से ज्यादा बूथों में भाजपा की कमेटियां बनीं, अब 15 तक होंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव चल रहा है। मंगलवार से मंडलों में अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। करीब 25 हजार बूथों में बूथ कमेटियां बनाने का काम चल रहा है। अब तक 20 हजार दो सौ बूथों में कमेटियां बन गई हैं। अब तक एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है, जहां पर 50 से कम सदस्य होने के कारण एडहॉक कमेटी बनाने की जरूरत पड़ी हो। बचे बूथों में से जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां पर एडहॉक कमेटी बनेगी। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव अगले साल जनवरी में होना है। इसके पहले देश के सभी राज्यों में भाजपा के संगठन चुनाव हो रहे हैं। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 20 नवंबर से बूथ कमेटियां का चुनाव चल रहा है। यह चुनाव वैसे तो 30 नवंबर तक समाप्त हो जाना था, लेकिन तय समय तक 15 हजार बूथों में ही चुनाव हो सका था, ऐसे में प्रदेश संगठन ने समय सीमा को पांच दिसंबर तक बढ़ाया है। दो दिनों बाद यह समय सीमा भी समाप्त हो जाएगी। प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के मुताबिक तीन दिसंबर की स्थिति में 20 हजार दो सौ बूथों में बूथ कमेटियों का गठन हो चुका है। अभी छह जिलों से रिपोर्ट नहीं आई है। उन्होंने कहा, संभावना है कि पांच दिसंबर तक सभी बूथों में कमेटियां बन जाएंगी।

## अब तक एक भी बूथ 50 से कम सदस्य वाला सामने नहीं आया




### 15 तक बन जाएंगे सभी मंडलों में अध्यक्ष

भाजपा के 405 मंडलों के चुनाव के लिए 1 से 15 दिसंबर का समय तय किया गया है। एक दिसंबर को प्रदेश संगठन की बैठक के कारण मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हे सकी। प्रदेश संगठन की बैठक में तय किया गया, पहले सभी जिलों में दो दिसंबर को कार्यशाला होगी। ऐसे में दो दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला के बाद अब तीन दिसंबर से मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 15 दिसंबर तक सभी मंडलों में अध्यक्ष बन जाएंगे। जो भी दावेदार सामने आएंगे, उनसे पर्यवेक्षक और जिलों के पदाधिकारी बात करके सर्वसम्मति से किसी एक को मंडल अध्यक्ष बनाने का काम करेंगे। जहां पर सर्वसम्मति नहीं बन पाएगी, वहां पर मतदान से चुनाव होगा।

## मुख्यमंत्री साय बोले- हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित बनाएंगे

# भाजपा ने मनाया जनादेश दिवस सीएम साय ने खुद भी फोड़े पटाखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर जनादेश दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुद भी पटाखे चलाए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए पार्टी की जीत की सालगिरह मनाई और अपने उत्साह व उल्लास को व्यक्त किया। पिछले वर्ष 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित हुए थे, जिसमें भाजपा ने ऐतिहासिक जनादेश के साथ शानदार जीत अर्जित की थी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा, 3 दिसंबर को हम सभी लोग जनादेश दिवस के रूप में मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व सभी केंद्रीय नेताओं के मार्गदर्शन में जनता ने मोदी जी की गारंटी पर मुहर लगाई। श्री साय ने कहा, तब श्री साव ने नेतृत्व महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को साथ लेकर कांग्रेस के कुशासन को उखाड़ फेंकने के लिए, कांग्रेस की भूपेश सरकार के गलत कार्यों के विरुद्ध जनमत तैयार करने के लिए संघर्ष और आंदोलन किए। श्री साय ने कहा, तब कोई यह मानने को तैयार ही नहीं था कि भाजपा की सरकार बनेगी। तत्कालीन कांग्रेस सरकार तो इतना ओवर कॉन्फिडेंस में थी कि सरकार तो कांग्रेस की बनेगी, सबने मिलकर तत्कालीन सरकार और कांग्रेस पार्टी की मुखालफत की और चुनाव जीतने में सफल हुए। श्री साय ने कहा, पूरे प्रदेश में सुशासन देने का हमारा संकल्प है। श्री साय ने कहा कि आज कई क्षेत्रों में जो भ्रष्टाचार का रास्ता था, हम उसे बंद कर रहे हैं। हम सभी लोग मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करेंगे।





### अब विष्णु का सुशासन : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, एक साल पहले छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन ने कांग्रेस की अत्याचारी और भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंका था। आज राज्य में विष्णु का सुशासन है और प्रदेश विकास की ओर तेज गति से बढ़ रहा है। श्री साव ने तब कही गई अपनी बात को भी याद किया कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता न डरेगा, न झुकेगा और राज्य की अन्यायी, अत्याचारी और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंके बिना चैन की नींद नहीं सोएगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भूपेंद्र सवन्नी, संजय श्रीवास्तव, किशोर महानंद, सौरभ सिंह, नरेश चंद्र गुप्ता, अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, जयंती पटेल, छगनलाल मूंदड़ा, सचिदानंद उपासने, केदार गुप्ता, नलिनीश ठोकने, राजीव चक्रवर्ती, अंजय शुक्ला, सलीम राज, अशोक बजाज, सुनील पिल्लई, मितुल कोठारी, तौकीर रजा, उमेश घोरमोड़े, गौरी शंकर श्रीवास, अभिनेश कश्यप, राहुल टिकरिया, सुनील चौधरी, सत्यम दुआ, जेपी चंद्रवंशी, विश्वादिनी पांडेय, किरण बघेल, तुषार चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मूणत ने हीरापुर अटारी में स्कूल-कालेज के लिए दिलवाया फंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत का अपने क्षेत्र के वार्डों के स्कूल-कालेजों में सुविधाएं दिलाने का अभियान जारी है। इस बार उन्होंने वीर सावरकर नगर (हीरापुर-जरवाय, अटारी) इलाके के सरकारी स्कूल और कालेज में जरूरत के मुताबिक प्रार्थना शेड और कमरों में सीपेज की मरम्मत तथा कालेज में फेंसिंग समेत सामुदायिक भवन और सीसी रोड के लिए 30 लाख रुपए से ज्यादा का फंड दिलवाया है। श्री मूणत ने इन सभी कार्यों का भूमिपूजन भी कर दिया। सभी काम बुधवार-गुरुवार तक चालू कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, इस वार्ड की बड़ी आबादी सरकारी स्कूल-कालेजों पर निर्भर है। वहां अध्ययनरत छात्रों और टीचिंग स्टाफ की शैक्षणिक सुविधाओं से जुड़ी हर जरूरत पूरी की जाएगी। उन्होंने स्कूल मेंटेनेंस और सीसी रोड के लिए सीएम साय तथा डिप्टी सीएम अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## अब मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति की तैयारी, सवा दो लाख वेतन, तीन साल का कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में अब मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति होगी। इस एक पद के लिए सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आवेदन बुलाए हैं। खास बात ये है कि यह नियुक्ति तीन साल के लिए होगी और मुख्य सूचना आयुक्त का मासिक वेतन सवा दो लाख रुपए महीना होगा। यह पद लंबे समय से खाली है। अब से पहले इस पद के लिए सितंबर 2022 और फरवरी 2024 में भी आवेदन बुलाए गए थे, लेकिन उस समय भर्ती नहीं की गई थी।




राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ ने मुख्य सूचना आयुक्त के लिए आवेदन मंगाए हैं। ये आवेदन 16 दिसंबर तक लिए जाएंगे। बताया गया है कि इस पद के लिए भारत का कोई भी नागरिक आवेदन कर सकता है। इस पद के लिए योग्यता ये है कि आवेदक विधि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, प्रबंध, पत्रकारिता जनसंपर्क, माध्यम या प्रशासन और शासन में व्यापक ज्ञान का अनुभव रखने वाला प्रख्यात व्यक्ति होना चाहिए। आवेदक संसद का सदस्य या किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के विधान मंडल का सदस्य नहीं होगा या कोई अन्य लाभ का पद धारण नहीं करेगा। किसी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं होगा। ये साफ किया गया है कि मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति के पहले संबंधित व्यक्ति को लाभ का पद, कोई कारोबार या व्यापार छोड़ना या बंद करना होगा। 65 साल की आयु प्राप्त करने वाले व्यक्ति नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

## नए विधायक सोनी एक्शन मोड में

## विकास का रोडमैप बनाने जोन आयुक्तों को निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण से जीतने वाले भाजपा के विधायक सुनील सोनी जीत के बाद अब अपनी विधानसभा के विकास के लिए एक्शन मोड में आ गए हैं। मंगलवार को नगर निगम के कमिश्नर और अपनी विधानसभा के नगर निगम के चार जोन के आयुक्तों को बुलाकर जहां रायपुर दक्षिण में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली, वहीं विकास का रोड मैप भी बनाने के निर्देश दिए हैं। सुनील सोनी ने जोन आयुक्तों से दो टूक कहा, किसी भी हाल में विकास के कामों में लापरवाही नहीं चलेगी। सभी योजनाओं के कामों को समय पर पूरा करना है। उन्होंने विधानसभा के वार्डों में चल रही योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा विधानसभा में हर तरह के विकास कार्यों को पूरा करना है। जनता के हितों वाली योजनाओं को समय पर पूरा किया जाए। किसी भी हाल में विधानसभा की जनता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मृत्युंजय दुबे, सरिता दुबे, सरिता वर्मा, सावित्री साहू के साथ नगर निगम कमिश्वर अबिनाश मिश्रा, स्मार्ट सिटी के उज्जवल पोरवाल सहित चार जोनों करे आयुक्त उपस्थित थे।

## पीएम आवास 2.0 दस्तावेज के अभाव में हितग्राहियों के आवेदन निरस्त नहीं करें, देना है योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत किए गए आवेदनों को निरस्त किए जाने के मामलों को सरकार ने गंभीरता से लिया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने इस संबंध में कहा है कि ऐसा करने से संभव है कि पात्र हितग्राहियों का एक बड़ा वर्ग दस्तावेज के अभाव में शासन की योजना से वंचित हो जाएगा, जबकि यह शासन की महती योजना है। इसका प्रमुख उद्देश्य अधिकतम पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उन्हें योजना का लाभ देना है। दस्तावेज की कमी वाले आवेदकों को रियायत देने कहा गया है।

### सूडा ने जारी किया आदेश

इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी किया गया है। भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने शहरी क्षेत्रों में सबके लिए आवास मिशन के तहत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजन 2.0 लागू की है। पिछले महीने नवंबर से योजना लागू होने के बाद 15 नवंबर से ही राज्य के सभी नगरीय निकायों में भारत सरकार के यूनिफाइड़ वेब पोर्टल रैपिड असेसमेंट सर्वे भी प्रारंभ किया जा चुका है। इस सर्वे में सभी आवश्यक जानकारी दर्ज करने के निर्देश हैं। इस प्रक्रिया के तहत आवेदक का आधार विवरण, परिवार के सदस्यों का आधार विवरण, बैंक खाता, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, और भूमि दस्तावेज मांगे जा रहे हैं।

### सामने आई ये गड़बड़ी

सूडा ने पाया है कि शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि कुछ नगरीय निकाय योजना के तहत हितग्राहियों द्वारा रैपिड असेसमेंट सर्वे के अंतर्गत आए आवेदनों को दस्तावेज के अभाव में निरस्त किया जा रहा है। सूडा का कहना है कि योजना के तहत हितग्राही सर्वेक्षण प्रारंभ किए जाने के लिए शासन का मूल उद्देश्य समस्त संभावित लाभार्थियों को योजना के तहत आवास उपलब्ध कराना है। लेकिन दस्तावेजों की कमी के कारण हितग्राहियों के आवेदन निरस्त किए जाने से हितग्राहियों का एक बड़ा वर्ग शासन की इस योजना से वंचित हो जाएगा। ऐसे हितग्राहियों के लिए अब ये छूट दी गई है।

### अब दिए गए हैं ये निर्देश

सूडा ने अब निकायों से कहा है कि हितग्राहियों के आवेदनों को दस्तावेज की कमी के कारण तत्काल निरस्त न करते हुए संबंधित हितग्राहियों के दस्तावेज की पूर्ति के लिए समय दें, जिससे अधिकतम हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। हितग्राहियों को अनिवार्य दस्तावेजों जैसे जाति प्रमाणपत्र आय प्रमाणपत्र के लिए संबंधित राजस्व कार्यालय से नगरीय निकायों द्वारा व्यक्तिगत समन्वय स्थापित कर संभावित हितग्राहियों को दस्तावेज प्राप्त करने के लिए आवश्यक सहयोग दें।

## धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत किसानों से की चर्चा

# प्रदेशभर के धान खरीदी केंद्रों में भारी अव्यवस्था किसानों की समस्या से अवगत हुए कांग्रेसी नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी में किसानों की समस्याओं को देखने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिये सरकार का ध्यानाकर्षण करने के लिये कांग्रेस ने प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों में 'धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया।' कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी विभिन्न सोसाइटियों में जाकर किसानों की समस्याओं की जानकारी ली। विधायकों और पूर्व विधायकों सहित जिला अध्यक्षों ने भी अपने-अपने जिलों में धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर किसानों की समस्या जानी।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बस्तर के छापरभानपुरी, तरन्जी, बरान्जी, टोकापाल धान खरीदी केन्द्र जाकर व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा धान बेचने आये किसानों से चर्चा की। किसानों ने बताया कि बारदाने की कमी है, टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, किसानों को भुगतान मात्र 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से हो रहा है। 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर जिले के खरोरा के ग्राम माठ के धान खरीदी केंद्र में गए तथा वहां पर उपस्थित धान बेचने आये किसानों एवं सोसाइटी कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि सबसे ज्यादा टोकन को लेकर परेशानी आ रही है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है।

### जिले में इन नेताओं ने किया दौरा

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, उधोराम वर्मा ने धरसींवा धान खरीदी केंद्र और सांकरा धान खरीदी केंद्र में गए तथा वहां पर उपस्थित धान बेचने आये किसानों एवं सोसाइटी कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

### सिंहदेव ने यहां किया दौरा

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव महासमुंद के पिथौरा, राजाडेरा एवं बिलाईगढ़ के सरसींवा सोसाइटी गये। इन सोसाइटियों में भी किसान बारदाने, टोकन, कम तौल एवं उठाव की समस्या से परेशान हो रहे हैं।

## पेज 9 के शेष

### रायगढ़ में अग्निवीर भर्ती रैली ...

9329208751 तथा सहायक अधिकारी संजय बंजारा जिनका मोबाइल नंबर 9993659703 है। इसी तरह अतरमुड़ा सामुदायिक भवन के लिए प्रभारी अधिकारी संजय यादव जिनका मोबाईल नंबर 6260020774 तथा सहायक अधिकारी सूरज सिदार जिनका मोबाईल नंबर 8319824192 है। इसी तरह नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट के लिए प्रभारी अधिकारी संजय यादव जिनका मोबाईल नंबर 6260020774 तथा सहायक प्रभारी अधिकारी त्रिभुवन सिंह जिनका मोबाईल नंबर 6265895016 है। गांधी नगर सामुदायिक भवन के प्रभारी अधिकारी राकेश मिश्रा जिनका मोबाईल नंबर 9340372532 तथा धनेश्वर जायसवाल जिनका मोबाईल नंबर 7898036094 एवं बेलादुला खर्राघाट मंगल भवन के प्रभारी अधिकारी अरूण यादव एवं उनका मोबाइल नंबर 7389398153 तथा सहायक प्रभारी अधिकारी रामसिंह उनका मोबाइल नंबर 9179530481 है। ल्लेखनीय है कि थलसेना अग्निवीर भर्ती अंतर्गत ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण युवाओं के शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य प्रक्रियाओं का आयोजन 4 से 12 दिसंबर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम में किया जा रहा है।

### घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज ...

इससे अन्य विद्यार्थियों को भी कॉलेज में आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ी। इस बीच विरोध जता रहे विद्यार्थियों के पास पहुंचकर स्वयं प्राचार्य ने मामले को समझा और अब सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच गेट पर ही विद्यार्थियों के आईडी कार्ड की जांच कर ही अंदर जाने का आदेश जारी किया।

## खबर संक्षेप



### शिक्षिका पूजा ने नाना की स्मृति में कराया न्योता भोज

**डौण्डीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सहगांव में जाटादाह की शिक्षिका पूजा सार्वा ने अपने नाना स्व रमेशर पटेल की स्मृति में न्योता भोज कराया। न्योता भोज में स्वादिष्ट भोजन के साथ लड्डू परोसा गया। लड्डू खाकर सभी बच्चे खुश हुए। इस अवसर पर केएल चुरेन्द्र, शरद मालेकर, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, गोविन्द सिंह चुरेन्द्र, विजय कुमार पटेल, केशर अलेन्द्र, दीपा आम दो, भागवत तारम, दुलौरीन सहारा, सुलेखा यामले, लीला यादव उपस्थित थे।

### चीचा व सिर्राभांठा में हरि नाम संकीर्तन

**अंडा।** ग्राम सिर्राभांठा के समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा और



उनके परिवार द्वारा कूड़ेरादादर के प्रवचनकर्ता कामता प्रसाद शरण का हरि नाम संकीर्तन भजन का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अर्जुंदा क्षेत्र के ग्राम चीचा में 25 से 27 दिसंबर तक कार्यक्रम होगा। उसके बाद 30 और 31 दिसंबर को कार्यक्रम श्री सिन्हा के गृहग्राम सिर्राभांठा में भी होगा। कथा समय सुबह 10 से 12:30 और दोपहर 3 से 5:30 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम के दौरान पूरे दिन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। आयोजनकर्ता राजेश सिन्हा ने सभी श्रद्धालुओं से संकीर्तन में शामिल होने का आग्रह किया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से खोरबाहरीन बाई को मिला उनके सपनों का आशियाना



**बालोद।** प्रधानमंत्री आवास योजना अनेक आवासहीन गरीब, मजदूर, परिवार के लोगों को सुरक्षित आवास प्रदान कर उनके जीवन की सबसे बड़ी समस्या को दूर करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण योजना साबित हो रही है। बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पेण्डरवानी की महिला खोरबाहरीन बाई को आज अपने लिए सपने का आशियाना मिल गया है। खोरबाहरीन बाई के अपने लिए सुरक्षित आवास निर्माण करने की सपना साकार होने से आज वे अपने जीविकोपार्जन के लिए मेहनत-मजदूरी के कार्य को निश्चिंत होकर कर पा रही है। खोरबाहरीन बाई ने बताया कि खराब आर्थिक स्थिति के कारण वे चाह कर भी अपने लिए पक्का घर नहीं बनवा पा रही थीं। मिट्टी के खपरैल वाले घर में बारिश के समय पानी टपकने के अलावा अन्य समस्याएं बनी रहती थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास स्वीकृत होने से आज उनके लिए मनपसंद पक्का घर के निर्माण करने का सपना साकार हुआ है। उन्होंने अपने जैसे अनेक गरीब परिवार की जरूरतमंद महिलाओं के लिए पक्का एवं सुरक्षित घर का निर्माण करवाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला- बालोद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम-गुरूर को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश अटल पिता दुर्जन अटल एवं अन्य एक जाति तेली साकिन गुरूर द्वारा ग्राम गुरूर प.ह.नं. 21 तहसील गुरूर स्थित भूमि ख.नं. 641, 642 रकबा क्रमशः 0.03, 0.03 हे. भूमि का चर्तुसीमा जानकारी प्राप्त करने हेतु राजस्व निरीक्षक गुरूर सीमांकन प्रतिवेदन दिनांक 30.05.2019 को प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उल्लेखित किया कि पुराने नक्शे एवं नये नक्शे का मिलान नहीं होता है, मौका अनुसार नक्शा ही गलत है और न ही सीमा का मिलान होता है। सीमाकंन किया जाना संभव नहीं होना प्रतिवेदित किया गया है। आवेदकगण की सहमति से भू-अधीक्षक शाखा बालोद सीमांकन दल से सीमांकन दिनांक 02.01.2020 को सीमांकन किया गया। सीमांकन प्रतिवेदन में रकबा व नक्शा से खसरा में अंतर है, बंदोबस्त त्रुटि सुधार किया प्रतिवेदित किया गया है। आवेदक की भूमि 641, 642 के नक्शे में हुई त्रुटि चाहे वह बंदोबस्त के दौरान हुई हो या बंदोबस्त के बाद हुई हो त्रुटि सुधार किये जाने दस्तावेज सहित कलेक्टर महोदय बालोद को प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त होने पर प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 23/12/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार गुरूर**


मांग : ग्राम काकड़कसा के ग्रामीणों ने कलेक्टर से की सरपंच की शिकायत

# दूसरों की जमीन का पट्टा अपने परिजनों के नाम करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


ग्राम पंचायत चिहरो के आश्रित ग्राम काकड़कसा के ग्रामीणों ने पट्टा निरस्त करने का आवेदन कलेक्टर को सौंपा है।

ग्राम काकड़कसा तहसील डौण्डी के निर्भयराम गोटा एवं बृजलाल कोड़ोपी जाति गोंड़ ने आरोप लगाया कि वर्तमान ग्राम पंचायत चिहरों के सरपंच का ग्राम काकड़कसा क्रमांक 01 में निर्भयराम गोटा एवं बृजलाल कोडोपी द्वारा काबिज भूमि खसरा नं. 86/3 जिसमें निर्भयराम गृह में जलाल कोड़ापी अपने अपने हिस्से की काबिज भूमि पर फसल ले रहे हैं। इसे सरपंच ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने भाई के नाम पर रकबा 0.80 हेक्टेअर का जबरदस्ती वन पट्टा प्राप्त कर लिया



है। इसी ग्राम काकड़कसा क्र.01 में ही बिमलेश टेकाम द्वारा काबिज भूमि खसरा नं. 01/2 को सरपंच द्वारा अपनी पत्नी के नाम पर जबरदस्ती वन पट्टा प्राप्त कर लिया है। इसके कारण भूमि में काबिज किसान निर्भयराम गोटा, बृजलाल कोडोपी, बिमलेश टेकाम एवं ग्रामवासियों को आपत्ति है। इस संबंध में 22 अक्टूबर 2024 को आवेदन पेश किया जा चुका है और 22 अक्टूबर 2024 को ही तहसीलदार आवेदन पेश कर चुके हैं और सामने ही तहसीलदार ने पटवारी को स्थल निरीक्षण कहा, लेकिन 1 महीने बाद भी अभी तक पटवारी स्थल निरीक्षण के लिए नहीं आया है। इसलिए उक्त भूमि का पट्टा तत्काल निरस्त कर उन पर उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

## घर के सामने गड्ढा खोदकर फेंक रहे कचरा, हटवाने की मांग



**बालोद।** ग्राम कांदुल में दूसरे व्यक्ति के घर के सामने गढ्ढा कर उसमें घरेलू कचरा डालने के साथ उस गड्ढे को घुरवा के रूप में उपयोग करने की शिकायत सामने आई है। ग्राम कांदुल निवासी हेमंत साहू पिता किसून राम साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उस गड्ढे को पाटने व वहां कचरा डालने पर रोक लगाने की मांग की है। हेमंत साहू ने आरोप लगाया है कि ग्राम कांदुल के दो लोगों ने उसके घर के सामने गड्ढा बनाकर उसमे घुरवा निर्माण कर गोबर और घासफूस फेंक रहे हैं। इनके सड़ने से बदबू आ रही है। उन्होंने कचरा हटवाकर गड्ढे को पटवाने की मांग की है। हेमंत साहू ने बताया कि पहले इसकी शिकायत जन समस्या निवारण शिविर में तथा सक्षम प्राधिकारी को लिखित में की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## एड्स छूने से नहीं, लापरवाही व नादानी से होने वाली बीमारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के संजय नगर में स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में विश्व एड्स दिवस विश्व जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य प्रदीप कुमार मेश्राम ने एड्स के संक्रमण और बचाव के उपायों पर जानकारी दी। स्कूली बच्चों ने रैली व नुक्कड़ नाटक का मंचन नगर के विभिन्न चौक चौराहों पर किया।

■ शासकीय बालक विद्यालय डौंडीलोहारा में विश्व एड्स दिवस पर दी गई जानकारी

रेडक्रॉस प्रभारी शिक्षक सौरभ शर्मा ने बताया कि एड्स कोई छूने से होने वाली बीमारी नहीं है, हमारी लापरवाही व नादानी के कारण होने वाली बीमारी है। इससे बचाव के लिए हम सभी को एक जुट होकर सबको जागरूक करना होगा, तभी हम छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे विश्व से एड्स को मिटा सकते हैं। जागरूकता रैली बस स्टैंड से होते हुए, विवेकानंद चौक, तिरंगा चौक होकर विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। बच्चों के लिए विद्यालय परिसर में रंगोली व निबंध का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता रामसहाय देशमुख, दुकालुराम साहू, वीरेंद्र भंडारी, अविनाश कुमार साहू, एनुका सार्वा, हेमंत साहू, लवण साहू, छाया नंदा, रीना मंडल, पुष्पा कटेंद्र, संगीता वैदे, तेजेश्वरी साहू, रवीन्द्रनाथ योगी, सूर्योदय मानिकपुरी, डामन देशमुख, भारती साहू, गिरीश साहू सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

## निपानी पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल, स्वामी आत्मानंद विद्यालय का किया निरीक्षण



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम निपानी में पहुँचकर वहाँ स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय निपानी में आयोजित परख परीक्षा की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

चन्द्रवाल ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों से बातचीत कर अध्ययन-अध्यापन व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई-लिखाई करने तथा अपने जीवन में बड़ी उपलब्धि हासिल कर माता-पिता, परिवार एवं इस संस्थान का नाम रोशन करने को कहा। कलेक्टर ने बच्चों को समझाईश देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई-लिखाई अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई-लिखाई के बिना जीवन में कोई भी व्यक्ति तरक्की नही कर सकता। इस दौरान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

## कृषि आदान सहायता राशि से पड़त भूमि को बनाया उपजाऊ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को प्रदान की गई आदान सहायता राशि ऐन वक्त पर उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर हर दृष्टि से उनके लिए लाभकारी सिद्ध हुई है।



■ ग्राम तरौद निवासी समारू राम ने बताया अनुभव

आदान सहायता राशि जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम तरौद निवासी समारू राम के लिए संजीवनी साबित होकर उनके खेती-किसानी को कायाकल्प करने का आधार बन गई है। कृषक समारू राम ने बताया कि इस योजना से मिले 38 हजार 514 रुपये का सदुपयोग कर अपनी पड़त भूमि को धनहा भूमि बनाकर इसमें अच्छी खासी फसल उत्पादन कर रहे हैं। समारू राम ने बताया कि वे एक बहुत ही छोटे किसान हैं। उनके पास लगभग पौने तीन एकड़ पैतृक जमीन है। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में लगभग 46 क्विंटल धान की बिक्री की थी। राज्य शासन के कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 12 मार्च को उनके खाते में 38 हजार 514 रुपये की राशि आई। उस राशि से 20 डिसमिल पड़त भूमि को खेती योग्य धनहा भूमि बनाया। इसके अलावा इस योजना से मिली राशि का उपयोग अपने घरेलु आवश्यकताओं तथा बाल-बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में की। किसान समारू राम ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

## प्राथमिक शाला आलीखूंटा के बच्चों को स्वेटर वितरित



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला आलीखूंटा में ग्राम की संस्था नवजीवन उत्कर्ष समिति के सदस्यों ने सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए, विद्यालय के पहली से पांचवीं कक्षा के सभी बच्चों को स्वेटर भेंट किया। इस अवसर पर नवजीवन उत्कर्ष समिति के सदस्यों में डेमेंद्र भूआर्य, लोमस मनकुपिया, वेदप्रकाश उर्वशा, मोहन सिन्हा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी हर संभव सहायता करना हमारा कर्तव्य है। यह उपहार हमारे समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को निभाने का एक छोटा सा प्रयास है। कार्यक्रम के लिए प्रधानाध्यापक लैलेश्वरी कलिहारी एवं शिक्षक परमानंद साहू ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से बच्चों को सर्दी से बचाने में मदद मिलेगी और उनकी पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आएगी। इस अवसर पर विद्यालय के अभिभावक, पालक उपस्थित रहे। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह इस प्रयास की सफलता का प्रमाण थे।

### देवारभाट में डांस प्रतियोगिता 7 को

**बालोद।** ग्राम देवारभाट में 7 दिसम्बर को रात्रिकालीन राज्य स्तरीय भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन युवा शक्ति संगठन एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है। सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 11001 रूपए, द्वितीय 7001, तृतीय 5001, चतुर्थ 4001, पंचम 3001, षष्ठम 2001 तथा सप्तम पुरस्कार 1001 रुपए रखा गया है। प्रवेश शुल्क 301 रूपए रखा गया है। इसी तरह युगल डांस में प्रथम 5001 रूपए, द्वितीय 4001 रूपए, तृतीय 3001 रूपए, चतुर्थ 2001 रूपए, पंचम 1501 रूपए, षष्ठम 1001 रुपए, सप्तम 701 रुपए एवं प्रवेश शुल्क 201 रूपए रखा गया है। वहीं, एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए, द्वितीय 2501 रुपए, तृतीय 2001 रुपए, चतुर्थ 1501 रुपए, पंचम 1001 रुपए, षष्ठम 701 रुपए, सप्तम पुरस्कार 501 रुपए एवं प्रवेश शुल्क 151 रूपए रखा गया है।

## टर्म लोन योजना ने बदल दी गोविंद राम की जिंदगी

### ग्राम भोथली निवासी युवक ने साझा किया अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य पिछड़ा वर्ग निगम की पिछड़ा वर्ग टर्म लोन योजना बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम भोथली निवासी नवयुवक गोविंद राम साहू के खुशहाल जीवन एवं आर्थिक संबलता का आधार बन गई है। इस योजना से मिली लोन की राशि से नवयुवक गोविंद राम ने कॉमन सर्विस सेंटर एवं ऑनलाईन सेंटर परिवहन केन्द्र का संचालन कर रहे हैं। इससे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार के साथ सुखयम जीवन व्यतीत कर रहे हैं।



गोविंद राम ने बताया कि स्नातक की शिक्षा पूरी करने के बाद शासकीय नौकरी के लिए भी कई बार प्रयास किया। लेकिन शासकीय सेवा में चयनित होने में सफलता नहीं मिलने के कारण स्वरोजगार ही उनके लिए जीविकोपार्जन का साधन रह गया था। इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने अपने व्यापार व्यवसाय की शुरूआत के लिए संबंधित कार्यालयों में जाकर इसकी पड़ताल भी की।

इसी दौरान मुझे जिला अत्यांवसायी सहकारी विकास समिति बालोद के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य के राष्ट्रीय निगम की पिछड़ा वर्ग टर्म लोन योजना के अंतर्गत ऋण योजना की जानकारी मिली। मैंने संयुक्त जिला कार्यालय सिवनी बालोद में स्थित जिला अत्यांवसायी सहकारी विकास समिति कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया। अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग से मुझे वर्ष 2023 में व्यवसाय संचालन के लिए ऋण भी प्राप्त हो गया। गोविंद ने बताया कि मैंने बस स्टैण्ड गुरूर में कॉमन सर्विस सेंटर एवं ऑनलाईन सेंटर परिवहन केन्द्र का संचालन शुरू किया। इस व्यवसाय से प्रतिमाह लगभग 40 हजार रुपये की आमदनी हो रही है। इससे 1869 रुपये की लोन की किश्त हर महीने जमा कर रहा हूँ।

## वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत 14 को राजीनामा योग्य प्रकरणों का होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला बालोद के जिला न्यायालय, तालुका न्यायालय गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा एवं दल्लीराजहरा सहित राजस्व न्यायालयों में इस वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को किया जाना है।

नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक एवं सिविल प्रकरण, चेक बाउंस के प्रकरण, धन वसूली के मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण, बिजली, जलकर, टेलीफोन बिल, वैवाहिक, परिवारिक मामले, श्रम विवाद एवं राजस्व मामलों का निराकरण किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से व्यक्ति अपने न्यायालयीन मामले एवं विवाद पूर्व पंजीकृत होने वाले प्री लिटिगेशन मामलों का निराकरण करा सकते हैं। लोक अदालत में निराकृत होने वाले सिविल मामलों में पूर्व में लगी हुई न्यायालयीन फीस वापस होती है।

इस नेशनल लोक अदालत के तैयारी के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्यामलाल नवरत्न द्वारा जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं जिला अधिवक्ता संघ बालोद, समस्त बैंक, फायनेंस कंपनी, विद्युत विभाग, एवं नगर पालिका के अधिकारियों के साथ समय-समय पर बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण किये जाने की अपील की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्यामलाल नवरत्न ने बताया कि जिस किसी भी पक्षकार का जिला न्यायालय बालोद, व्यवहार न्यायालय गुण्डरदेही, दल्लीराजहरा एवं डौण्डीलोहारा में तथा बालोद जिले के किसी भी राजस्व न्यायालय में मामला लंबित हो तो संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में अपने मामलों का निराकरण करवा सकते है।

इसके अलावा इस प्राधिकरण के अधिकार मित्र के द्वारा भी बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों के हाट बाजारों, चौराहों, बैंक एवं अन्य स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर पाम्पलेट वितरण के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## बघमार में कंगला मांझी महोत्सव में 5 से 7 तक, 6 चर्चित विभूतियों का होगा सम्मान

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी जननायक हीरासिंहदेव उर्फ कंगला मांझी की स्मृति में 5 से 7 दिसम्बर 2024 को तीन दिवसीय महोत्सव गौरव ग्राम बघमार में आयोजित किया जाएगा। डौंडीलोहारा तहसील जिला बालोद के इस गांव में कंगला मांझी अपने जीवन के तीस वर्ष बिताकर यहीं की मिट्टी में मिल गए। वे मूल रूप से कांकेर जिले के कुरूटोला गांव के थे। उन्होंने अंग्रेज अफसरों से गांव की खेती के लिए पहली लड़ाई मोल लेकर आदिवासी समाज में न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि देश के आठ प्रान्तों में जननायक के रूप में पूजे जाते हैं।

5 दिसंबर को आदिवासी सैनिकों को कंगला मांझी शौर्य सम्मान दिया जाएगा। नामदेव किरसान, सांसद गढ़चिरौली लोकसभा क्षेत्र महाराष्ट्र मुख्यअतिथि होंगे। राजमाता फुलवादेवी अध्यक्षता करेंगी। दूसरे दिन 6 दिसंबर को दोपहर दो बजे अगासदिया सम्मान समारोह होगा।



इस अवसर पर कंगला मांझी पर केन्द्रित पुस्तक का विमोचन राजमाता फुलवादेवी एवं अतिथिगण करेंगे। इस अवसर पर आदिवासी समाज के चुनिंदा समाज सेवक अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम संचालन महेश वर्मा एवं राजीव उइके करेंगे। इस अवसर पर आदिवासी समाज के कलाकारों के साथ ही आदिवासी नृत्य में सिध्दि प्राप्त चर्चित दलों के कलाकार प्रदर्शन देंगे।

**ये चर्चित विभूतियां होंगी सम्मानित** : छत्तीसगढ़ की 6 चर्चित विभूतियों को प्रदेश के पुरखों की स्मृति में सम्मानित किया जाएगा। आदिवासी शिक्षा विद चूड़ामणि पात्र को अगासदिया कंगला मांझी सम्मान दिया जाएगा। साहित्यकार डॉ. सोनाली चक्रवर्ती स्वयंसिध्दा की यशस्वी संगठनकर्ता एवं साहित्यकार हैं। उन्हें मिनी माता सम्मान दिया जाएगा। कमलेश चंद्राकर बाल कविताओं के उल्लेखनीय कवि हैं। उन्हें नारायण लाल परमार सम्मान दिया जाएगा। रामनाथ साहू उपन्यासकार, कथाकार तथा अनुवादक हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ के सपूत हरि ठाकुर की स्मृति में सम्मान प्रदान किया जाएगा। चोवाराम बादल ने छत्तीसगढ़ी भाषा में रामायण लिखकर यश अर्जित किया है, उन्हें संत पवन दीवान सम्मान प्रदान किया जाएगा। बालोद जिला के गांव कोहंगाटोला के प्रसिध्द कवि किसान और चिकित्सक अशोक आकाश को शहीद दुर्वाशा लाल निषाद की स्मृति में सम्मानित किया जाएगा।



खबर संक्षेप



## घासभूमि पर अतिक्रमण कलेक्टर से शिकायत

**बालोद।** ग्राम टेकापार के ग्रामीणों ने घास भूमि के अतिक्रमण को हटाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्राम पंचायत टेकापार व ग्राम विकास समिति ने आरोप लगाते हुए कहा है कि ग्राम टेकापार के दो लोग घास भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बना रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता के आने जाने के रास्ते को बंद कर दिया है। इससे ग्रामीणों को खार तक जाने-आने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। नहीं हटाने की स्थिति में गांव की शांति भंग होने की आशंका ग्रामीणों द्वारा व्यक्त की गई है।

## घोघोपुरी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष मनोहर ने लिया पदभार



**गुरूर।** सेवा सहकारी समिति घोघोपुरी के प्राधिकृत अध्यक्ष मनोहर किशोर ने शपथ ग्रहण किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद श्री किशोर ने कहा कि किसानों के साथ कोई अन्याय नहीं होगा, आप लोगों को कोई परेशानी ना हो वह व्यवस्था बनाये रखने का प्रयास करेंगे। अध्यक्ष ने बारदाना व्यवस्था पर तत्काल अधिकारियों को व्यवस्था के लिए मांग करने की बात कही। भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा कि जब से विष्णु देव साय की सरकार बनी है तब से किसानों को कोई परेशानी न हो इसकी व्यवस्था कर रहे हैं। कार्यक्रम को स्व.डारन बाई महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशाप्रकाश साहू ने भी संबोधित किया। जनपद सदस्य चंद्रिका गंजीर, पन्ना साहू, चन्दन सिन्हा, समिति प्रबंधक शिवकुमार निषाद, भेल सिंह साहू, नेतराम साहू, सरपंच लीला राम सिन्हा, कौशल साहू, येशप्रकाश साहू, भुखन निषाद, यमन साहू, दामेश्वरी साहू के अलावा पेंवरो, घोघोपुरी, रमतरा के किसान उपस्थित थे।

## ग्राम बड़भूम में मड़ई मेला 9 को

**गुरूर।** ग्राम बड़भूम में 9 दिसम्बर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष साधू राम कुरैटी ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भूपेश प्रकाश (चारामा) का कार्यक्रम रखा गया है।

### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

# ग्राम पंचायत धुर्वाटोला में शीघ्र बनेगा बुनकर भवन, किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत धुर्वाटोला में बुनकर भवन का भूमिपूजन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के मुख्य अतिथि में किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी, जनपद सदस्य संजस बैस सरपंच गणेश सेवता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि हमारे वनांचल के क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। ये अभाव में भी प्रभाव दिखाते हैं, जिसका उदाहरण हमारे धुर्वाटोला की बुनकर समिति है। पहले कपड़ा बुनने का कार्य देवांगन परिवार के लोग करते थे, लेकिन अब इस कार्य में हमारे आदिवासी समाज के लोगों भी आगे आकर आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं आपके बुनकर समिति को और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है, इस संबंध में आप सबसे से चर्चा कर मुख्यमंत्री से आग्रह करूंगा।



### पंचायत के 50 परिवार करते हैं कपड़ा बुनने का कार्य

सरपंच गणेश सेवता ने कहा कि हम सालों से प्रयास कर रहे थे कि बुनकर भवन हमारे गांव में बने। पंचायत क्षेत्र में 50 परिवार बुनकर का कार्य करते हैं, उन्हें अपने घर में कार्य करने में परेशानी होती थी। हमारी इस मांग को पूरा करने के लिए मैं छत्तीसगढ़ सरकार के साथ देवलाल ठाकुर का आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम का संचालन कामदेव और आभार समिति के प्रबंधक ने किया। इस अवसर पर सभी पंच सहित सचिव व रोजगार सहायक तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

### एक ही जगह होगा काम, आएगा निखार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश नुरेटी ने कहा कि बुनकर समिति का भवन बनने से सभी एक जगह मिलकर कार्य करने से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और आपके काम में निखार आएगा। उन्होंने कहा कि मेरे जिला पंचायत क्षेत्र में कई गांव में बुनकर परिवार हैं, जो रोजाना पांच सौ से एक हजार रुपए प्रतिदिन कमा रहे हैं। इस कार्य को करने से आप मालिक बनेंगे, जितना आपकी मेहनत होगी, आप उतना ही धन अर्जन कर सकते हैं।

## विधायक अनिला ने क्षेत्र के ग्रामीणों को दी 50 लाख के विकास कार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ खेरथाबाजार, सोरली और अंडी में निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया ने 4 दिसंबर को क्षेत्र के ग्रामीणों को 50 लाख से अधिक के विकासकार्यों की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत खेरथाबाजार में बाजार शेड निर्माण का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रेरणा पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सपने वे नहीं होते, जो सोने के बाद आते हैं, सपने वो है सोने नहीं देते। उन्होंने बच्चों को अधिक से अधिक मेहनत कर अपने स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद ग्राम सोरली में अतिरिक्त कमरा, सीसी रोड, कला मंच यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण एवं अण्डी में जनपद सदस्य मद से बोर खनन, महिला प्रसाधन, छात्रा प्रसाधन, किचन शेड के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी डौंडीलोहारा गोपाल प्रजापति, गोविन्द चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, जागृत सोनकर, राजाराम तारम, जागेश्वर दर्रो, माधवगिरी गोस्वामी, हिरई बाई ठाकुर, नेतराम भांडेकर, हेमलाल प्रजापति, सहदेव सिन्हा, मनहरण विनायक सरपंच, उप सरपंच रामचरण मानकर, प्राचार्य श्री मानकर, दुर्गेश्वरी यदु, गुलाब भंसाली सहित अनेक ग्रामवासी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में की गई पुरूष नसबन्दी



**अंडा।** परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत लैंगिक समानता को ध्यान में रखते हुए पुरूष नसबन्दी पखवाड़ा का आयोजन 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक दो चरणों में दम्पति संपर्क एवं सेवा प्रदायगी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन एवं डॉ एनएल बंजारे खण्ड चिकित्सा अधिकारी निकुम के नेतृत्व में 4 दिसंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में 2 पुरूषों की नसबन्दी की गई। सर्जन डॉ एके संयाल ने प्रिकान्क्षा, मंजू चंद्रवंशी एवं दीप्ति मसियारे तथा ओटी सहायक जितेन्द्र वाल्दे के सहयोग से ऑपरेशन किया। इस दौरान जीआर भूआर्य बीईटी, अमरेशचंद श्रीवास्तव सेक्टर सुपरवाइजर, समस्त स्टाफ एवं मितानिनों का पूर्ण सहयोग रहा।

## शिक्षा स्थाई समिति की बैठक में मिले 133 आवेदन, समीक्षा में 119 पात्र

हरिभूमि न्यूज:गुरूर



जनपद पंचायत गुरूर द्वारा शिक्षा स्थाई समिति की बैठक जनपद पंचायत गुरूर में 4 दिसंबर को रखी गई थी। बैठक में 133 आवेदनों की समीक्षा की। इसमें 119 आवेदन पात्र व 14 आवेदन अपात्र पाए गए। बैठक में अध्यक्ष शिक्षा स्थायी समिति तोषण लाल साहू, सदस्य राजश्री यादेश्वर, लक्ष्मी विजय साहू, डिवेश्वरी केशव बंधु, एस कुमार कलिहारी उपस्थित थे।

बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा की गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता की समीक्षा की गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेशन के लिए प्राप्त सभी 19 आवेदन पात्र पाए गए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए 5 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 4 पात्र पाए गए। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा सुखद सहारा पेंशन के तहत कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। के तहत कोई आवेदन प्राप्त नही हुआ। मुख्यमंत्री पेंशन योजना के तहत 92 आवेदन मिले, जिनमें से 80 पात्र व 12 आवेदन अपात्र हुए। राष्ट्रीय परिवार सहायता के तहत 17 आवेदन में से 16 पात्र एवं 1 आवेदन अपात्र हुए।

## महतारी वंदन योजना की 10वीं किस्त जारी



**अंडा।** महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त जारी करने पर विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना की किश्त आ जाने से माताओं को खुशी मिली है। उन्होंने कहा कि 70 लाख माताओं के खाते में राशि भेजी गई है। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू की गई है। इसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि महिला सम्मान और सशक्तिकरण भाजपा की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन से छत्तीसगढ़ में विकास की गाथा लिखेंगे और प्रत्येक वादे को पूरा करेंगे। बता दें कि इससे पहले रविवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने महिलाओं के लिए महतारी शक्ति ऋण योजना लॉन्च की। इस योजना के जरिए जिन महिलाओं का खाता ग्रामीण बैंक में है और उस खाते में महतारी वंदन योजना की राशि जमा हो रही है, उन्हें स्वरोजगार के लिए 25 हजार रुपये तक का लोन दिया जाएगा।

## ग्रामीणों पर प्रताड़ित करने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

### भुसरेंगा निवासी योगेश्वर ने जनदर्शन में दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भुसरेंगा निवासी योगेश्वर कुमार साहू ने मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में गांव में कई लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की है। इसके साथ ही अपनी तथा अपने परिवार वालों के कब्जे की घासभूमि से कब्जा हटाने के लिए शासन प्रशासन से शिकायत किए जाने की बात कही है।

उन्होंने कहा कि शिकायत करने वालों ने स्वयं घासभूमि पर कब्जा किया है, लेकिन मेरे और मेरे परिवार वालों के खिलाफ गांव वाले एकजुट होकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। योगेश ने



कलेक्टर से शिकायत में कहा है कि ग्राम के ही कुछ ऐसे व्यक्ति जिनको मकान की जरूरत नहीं है और जिनके पास पहले से पर्याप्त जमीन है, उन्हें भी पंचायत द्वारा आबादी भूमि दी गई है। उन्होंने गांव के कई ऐसे लोगों के नाम कलेक्टर को सौंपा है, जिन्हें आबादी जमीन दी गई है। वहीं योगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि उन्होंने एवं उनके चाचा लक्ष्मण तथा हेमनाथ साहू विगत 30-35 वर्षों से साढ़े सात डिसमिल घासभूमि पर मकान बनाकर रह रहे हैं। गांव वाले हमें हमारी कब्जे वाली भूमि से हटाने के लिए तहसील कार्यालय में चक्काजाम कर प्रशासन पर दबाव डाला, जिसके बाद मकान खाली करने का नोटिस दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण समाज से बहिष्कृत करने का भी आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने कलेक्टर से कहा है कि यदि ग्राम के सभी अतिक्रमणकारियों की भूमि का सीमांकन करवाकर उनके मकान तोड़े जाएं, तो मैं भी अपना मकान तोड़ने के लिए तैयार हूं। योगेश्वर ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि गांव में पटवारी, तहसीलदार, एसडीएम, आरआई को भेजकर सभी अतिक्रमणकारियों की भूमि के सीमांकन की जांच कराने की मांग की है।

## शोभायात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी



नगर स्थित प्रसिद्ध मनोकामना सिद्ध दुर्गा मंदिर में वैष्णवाचार्य आशुतोष चैतन्य जी महाराज का स्वागत नगर के हिन्दू धर्म रक्षकों ने किया। कच्चे निवासी हरीगंगा वंशज के धर्म बंधु राम बाबू द्वारा चौथी बार श्री मद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। वैष्णवाचार्य स्वामी आशुतोष चैतन्य महाराज जी 4 से 12 दिसंबर तक कथा वाचन करेंगे। पहले दिन कलश यात्रा एवं देव प्रतिष्ठा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

श्रीमद् भागवत महोत्सव के पहले दिन महाराज जी की डोंडी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दुर्गा मंदिर डोंडी से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई कच्चे के कथा स्थल पर पहुंची।

इसके साथ ही जय श्री राम के नारों के साथ बाइक यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व दुर्गा मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माँ दुर्गा की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। नगर के तिलक दुबे ने सपरिवार अपने गुरु वैष्णवाचार्य आशुतोष चैतन्य जी महाराज का सत्कार किया। इस अवसर पर जिला विश्व हिन्दू परिषद के जिला पदाधिकारी प्रेम शुक्ला, ओम गोलछा ब्लाक के बजरंग दल शिवम दुबे, निखिल अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभ सिंह कोरेटी, जीवन धनकर, डोंडी व्यापारी संघ से कमलेश कामले, नन्द लाल लोनहरे, जगत यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## एएनएम व सीएचओ की मांग कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बालोद।** ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति ग्राम कोंगनी ने एएनएम और सीएचओ को ग्राम में पदस्थ कराने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम कोंगनी उपस्वास्थ्य केन्द्र के तहत पांच आश्रित ग्राम आते हैं, जिनकी जनसंख्या 6369 है, जहां एएनएम और सीएचओ नहीं होने के कारण टीकाकरण, गर्भवती जांच और बीपी जांच, शुगर जांच करवाने में समस्या हो रही है। इसलिए ग्राम की महिलाओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इसकी जल्द पदस्थापना करने की मांग की है।

## कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ किसानों से बातचीत कर व्यवस्था के संबंध में ली जानकारी

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र सांकरा क एवं गुरूर विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र सोरर का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान चन्द्रवाल ने धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने पहुँचे किसानों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक से धान खरीदी केन्द्रों में अब तक खरीदे गए कुल धान की मात्रा एवं पंजीकृत कुल किसानों में से अब तक धान बिक्री करने वाले किसानों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र सांकरा क में कुल 1616 किसानों में से अब तक कुल 483 किसान अपना धान बेच चुके हैं। उन्होंने बताया कि धान खरीदी केन्द्र सांकरा क में अब तक कुल 17 हजार 500 क्विंटल धान की खरीदी हो चूकी है। इसी तरह धान खरीदी केन्द्र सोरर में कुल 1307 किसानों में से 382 किसान अपने धान की बिक्री कर चुके हैं।

इसके साथ ही धान खरीदी केन्द्र सोरर में अब तक कुल 16 हजार 800 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इस दौरान चन्द्रवाल ने धान खरीदी केन्द्र सांकरा क में अपने धान की बिक्री करने पहुँचे किसान रामकीर्ति एवं मोतीलाल से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। किसान रामकीर्ति ने बताया कि 07 क्विंटल 60 किलो धान की बिक्री की है। इसी तरह उन्होंने धान खरीदी केन्द्र सोरर में अपने धान की बिक्री करने पहुँचे ग्राम सोंहपुर के किसान टीकम, लालाराम, टीजू आदि से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं का हालचाल जाना।

किसानों ने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में हम किसानों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। धान खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए बैठक व्यवस्था के अलावा शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध है। जिसके कारण धान बिक्री करने में हम किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे दुर्ग-भिलाई, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद और राजनांदगांव में कार्य हेतु 10 युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो।
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
Resume Whatsapp करें
7489534456, 8319268069
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव